
# यूएस ओपन 2025

## चर्चा में क्यों?

18 अगस्त से 7 सितिंबर, 2025 तक **न्यूयॉर्क** के **USTA बिली जीन किंग नेशनल टेनिस सेंटर** में आयोजित **यूएस ओपन 2025**, एकल और युगल श्रेणियों में महत्त्वपूर्ण जीत के साथ संपन्न हुआ।

इस टूर्नामेंट में प्रत्येक एकल विजेता के लिये **5 मिलियन डॉलर** की रिकॉर्ड पुरस्कार राशि रखी गई थी, जो पुरुष और महिला दोनों श्रेणियों में समान थी।

## मुख्य बिंदु

- **पुरुष एकल विजेता:** [कार्लोस अल्काराज़]() (स्पेन) ने जैनिक सिनर (इटली) को हराकर अपना दूसरा **अमेरिकी ओपन** और कुल मिलाकर छठा **ग्रैंड स्लैम** खिताब अर्जित किया।
- **महिला एकल विजेता:** आर्यना सबालेंका (बेलारूस) ने अमांडा अनिसिमोवा (अमेरिका) को हराकर अपना खिताब बरकरार रखा और **WTA रैंकिंग** में शीर्ष पर अपनी स्थिति सुदृढ़ की।
- **पुरुष युगल विजेता:** मार्सेल ग्रैनोलर्स (स्पेन) और होरासियो ज़ेबालोस (अर्जेंटीना) ने फाइनल में जो सैलिसबरी और नील स्कूप्स्की (यूनाइटेड किंगडम) को हराकर खिताब जीता।
- **महिला युगल विजेता:** गैब्रिएला डाब्रोव्स्की (कनाडा) और एरिन रूटलिफ (न्यूज़ीलैंड) ने कैटरीना सिनियाकोवा (चेक गणराज्य) तथा टेलर टाउनसेंड (USA) को हराया।
- **मिश्रित युगल विजेता:** सारा इरानी और एंड्रिया वावसोरी (इटली) ने इगा स्वीटेक (पोलैंड) तथा कैस्पर रूड (नॉर्वे) को हराकर मिश्रित युगल का खिताब जीता।

## ग्रैंड स्लैम

- इसका अर्थ है कि एक ही कैलेंडर वर्ष में सभी चार प्रमुख टेनिस चैंपियनशिप जीतना: **ऑस्ट्रेलिया, फ्राँस, ब्रिटेन (विंबलडन) और अमेरिका।**
- यह उपलब्धि अब तक **5 अलग-अलग खिलाड़ियों द्वारा 6 बार** हासिल की गई है।
- **डॉन बज** टेनिस में [ग्रैंड स्लैम]() हासिल करने वाले प्रथम खिलाड़ी थे, जिन्होंने वर्ष **1938** में सभी चार प्रमुख चैंपियनशिप जीती थीं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/us-open-2025